छात्रों के मानसिक व भावनात्मक हित के लिए 'ह्यूमन कनेक्ट'

# आईआईएम रांची : ह्यूमन लाइब्रेरी में अपने अनुभव साझा कर रिलैक्स होंगे स्टूडेंट्स

सिटी रिपोर्टर | रांची

आईआईएम रांची में छात्रों के मानसिक व भावनात्मक हित के लिए ह्यूमन कनेक्ट कार्यक्रम शुरू किया गया है, जो दो हफ्तों तक चलेगा। इसके बाद भी यह कार्यक्रम निरंतर होता रहेगा। इसके तहत 10 से ज्यादा गतिविधियां होंगी, जिसमें कॉलेज के छात्र भाग लेंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को एक साथ जुड़ने, अपने विचार साझा करने, कला व अन्य तरीकों से खुद को अभिव्यक्त करने का अवसर मिलेगा। इसके माध्यम से छात्रों के मानसिक व भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा मिलेगा। छात्रों को तनाव मुक्त व खुश रहने में मदद मिलेगी। यह जानकारी संस्थान में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी गई। मौके पर प्रो. तनुश्री दत्ता, प्रो. गौरव मराठे, प्रो. मनीष कुमार, डॉ. जयंत त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के बारें में जानकारी देते संस्थान के पदाधिकारी।

## आज से शुरू होगा कलेक्टिव ड्रम सर्कल

ह्यूमन कनेक्ट के तहत रविवार को कलेक्टिव ड्रम सर्कल का आयोजन किया जाएगा। जिसमें छात्र एक समूह में ड्रम बजाएंगे। इसका उद्देश्य भावनात्मक अभिव्यक्ति व आंतरिक शांति को बढ़ावा देना है। इसके अलावा भी कई गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ह्यूमन लाइब्रेरी के माध्यम से छात्र एक-दूसरे से अपने अनुभव साझा करेंगे। कलेक्टिव डांस में स्टूडेंट्स विभिन्न डांस फॉर्म सीखने के लिए एक साथ शामिल होंगे।

Dainik Bhaskar_29.01.2023_Pg. 03.